राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## परस्पर समन्वय से दीर्घकालीन सतत विकास पर हुई चर्चा

## राज्यपाल श्री मिश्र से अर्जेण्टीना के राजदूत की मुलाकात

जयपुर, 24 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से अर्जेण्टीना रिपब्लिक के राजदूत श्री ह्यूगो जेवियर गोब्बी, अर्जेण्टीना कृषि विभाग के मारियानो बेहरान और वाणिज्य विभाग के प्रमुख डेनिस प्रेगुइका बोज़िक ने मंगलवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उनसे विकासशील देशों और विकसित देशों के मध्य परस्पर समन्वय से दीर्घकालीन सतत विकास के लिए कार्य किए जाने के सबंध में भी संवाद किया। उन्होंने राजस्थान में पर्यटन, खनिज, मार्बल और अन्य स्थानीय उद्योगों के विकास के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की।

अर्जेण्टीना के राजदूत सहित सभी मेहमानों ने राजभवन परिसर का पूरा भ्रमण किया। इस दौरान मोरों के स्वच्छन्द विचरण, उनकी नृत्य अदाओं को देखकर वह मुग्ध हो गए। उन्होंने राजभवन परिसर के प्राकृतिक परिवेश को देखकर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के प्रकृति से जुड़ाव की सराहना की।

-----